दिनांक 27.08.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बारिश में नालियों की सफाई में जुटा रहा निगम का अमला, कहीं पर भी जल भराव की शिकायत नहीं

भिलाई। बुधवार शाम से हो रही बारिश की वजह से जलभराव की स्थिति न आए इसके लिए निगम का स्वास्थ्य अमला नाली सफाई में जुटा रहा। रूक-रूककर हो रही बारिश को देखते हुए सभी वार्डों के छोटे बड़े नालियां जहां कचरा फंसा हुआ था। उसकी सफाई में निगम का अमला सुबह से ही जुटा हुआ है। जोन आयुक्तों के निर्देशानुसार फील्ड में कार्य करने वाले कर्मचारियों ने वार्डों का निरीक्षण कर नाला, नालियों और पुलिया का जायजा लिया। वहीं कई स्थानों पर सफाई कराने के साथ ही कच्चा नाली बनाकर पानी की निकासी की व्यवस्था की गई। साथ ही कचरे का उठाव भी किए।

निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्त और बाढ़ राहत आपदा टीम को बारिश के दौरान अलर्ट रहने के साथ ही वार्डों का निरीक्षण कर जल जमाव और निकासी की समस्या का त्वरित निराकरण के करने निर्देश दिए हैं। आयुक्त के निर्देशानुसार जोन और निगम मुख्यालय के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्डों का निरीक्षण कर नाला-नालियों की सफाई किया। जोन-4 के स्वच्छता निरीक्षक महेश पाण्डेय ने बताया कि सफाई कर्मी सुबह से ही वार्डों की निकासी व्यवस्था का निरीक्षण के साथ ही नालियों में फंसे पालीथिन , थर्माकोल, प्लास्टिक के कचरे को निकालने का कार्य किया। इससे कहीं पर भी जाम की स्थिति नहीं बनी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड 29-30 सिगड़ी मोहल्ला पुलिया , प्रगति मार्केट पुलिया , वार्ड-31 बड़े नाला पुलिया , वार्ड 38 के तेलहा नाला पुलिया , आरएसएस मार्केट, छावनी शंकर नगर , मंगल बाजार बापूनगर पुलिया , वार्ड-33 में बैक लाइन की सफाई और वार्ड 32 सरदार मोहल्ला सहित निचली बस्तियों का निरीक्षण का निरीक्षण किया। इन इलाकों में कहीं पर भी जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हुई है। जोन-1 की टीम ने आकाश गंगा , दक्षिण गंगोत्री सुपेला , सुपेला थाना के सामने बैंक लाईन , सुधीर एक्सरे से टाटा मोटर्स तक , निजामी चौक से लक्ष्मी मार्केट पुलिया, राजीव नगर से रमन मोहल्ला , पीली मिट्टी चौक , संजय नगर नाला , कुम्हार पारा से टाटा मोटर्स, अग्रसेन सेन चौक से केपीएस स्कूल तक , सिरसा रोड से रानी अवंती बाई चौक से नाला और जुनवानी रोड रानी अवंती बाई चैक से सूर्या रेसीडेंट के किनारा तक बड़े नाला से कचरा निकालने का कार्य किया। जोन-2 के सहायक स्वच्छता अधिकारी अनिल मिश्रा की टीम ने इंदू आईटी नाला , नकटा तालाब, शांतिनगर बड़े नाला , कुरूद बाजार, गोल मार्केट, घासीदास नगर मार्केट की नालियों में फंसे पालीथिन, प्लास्टिक और कचरे की सफाई कर निकासी व्यवस्था बनाई। जोन- 3 की टीम ने चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज, संतोषी पारा नाला , तेलहा नाला, कर्मा काॅलोनी, श्याम नगर तालाब के किनारे नाला का जायजा लिया। जहां बिना किसी अवरोध के बारिश का पानी बहाव हो रहा था। कहीं भी जाम की स्थिति नहीं बनीं।